# <u>कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप</u>
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0:     /शैक्षिक/पंजी0/2019–20                                                दिनांकः 27/12/2019

## :: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2019–20 के सम संख्यक सेमेस्टर में समस्त बी0टेक0/एम0सी0ए0/एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) छात्र/छात्राओं का पंजीयन दिनांक 01.01.2020 से 03.01.2020 तक ऑनलाइन होना प्रस्तावित है। शैक्षिक सत्र 2019–20 के लिये प्रथम वर्ष **(द्वितीय, तृतीय एवं अन्तिम वर्ष के छात्रों को छोड़कर)** के समस्त छात्र / छात्राओं के ऑनलाइन पंजीयन कर निर्धारित पंजीयन शुल्क (रू0 500/–) का विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन चालान के माध्यम से दिनांक 08.01.2020 से 10.01.2020 के मध्य कार्यालय समयानुसार वित्त विभाग में आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक पटल पर जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

शैक्षिक सत्र 2019–20 के सम संख्यक सेमेस्टर में अध्ययनरत बी0टेक0/एम0सी0ए0/एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 प्रथम द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के समस्त छात्रों/छात्राओं का पंजीयन कार्ड निम्नोक्त समय सारणी के अनुसार दिया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः

| दिनांक | समय | पाठ्यक्रम वर्ष |
|---|---|---|
| 14/01/2020 (मंगलवार) | 10:30 बजे पूर्वान्ह | अन्तिम वर्ष बी0टेक0 /एम0सी0ए0 एवं तृतीय वर्ष पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) |
| 15/01/2020 (बुधवार) | 10:30 बजे पूर्वान्ह | द्वितीय वर्ष बी0टेक0/एम0सी0ए0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) |
| 15/01/2020 (बुधवार) | 2:30 बजे अपरान्ह | तृतीय वर्ष बी0टेक0, द्वितीय वर्ष एम0टेक0 (पूर्णकालिक/ अंशकालिक) |
| 16/01/2020 (गुरूवार) | 10:30 बजे पूर्वान्ह | प्रथम वर्ष बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 के समस्त छात्र |

उपरोक्त छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि इंगित तिथियों एवं दिनों में एक फोटोग्राफ एवं जमा की गयी शुल्क की प्राप्ति रसीद की एक प्रति के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शैक्षिक कार्यालय में बने चार्ट पर अपना पंजीयन कराकर पंजीयन कार्ड (Registration Card) लेना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त पंजीयन कार्ड निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र की होगी।

**उपरोक्त के अतिरिक्त अंतिम वर्ष के समस्त बी0टेक0, एम0सी0ए0 एवं एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) के छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि संलग्न प्रारूप पर ''अन्तिम वर्ष के छात्रों की डिग्री प्रिन्ट कराने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप'' को पूर्ण कर शैक्षिक अनुभाग में पंजीयन कार्ड प्राप्त करते समय साथ में उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।**

**निर्धारित तिथि जनवरी 01 से 03, 2020 के उपरान्त पंजीकरण दस कार्य दिवसों (दिनांक 10 जनवरी, 2020) तक रू0 100/– प्रति कार्य दिवस के विलम्ब शुल्क के साथ ही स्वीकार किया जायेगा। शैक्षिक सत्र 2019–20 के सम संख्यक सेमेस्टर में पंजीयन की कार्यवाही अन्तिम रूप से दिनांक 10 जनवरी, 2020 तक सम्पन्न की जायेगी तदोपरान्त किसी भी दशा में पंजीयन अनुमन्य नहीं होगा। नियत तिथि तक पंजीयन न करा सकने से उत्पन्न होने वाली विषम स्थिति का उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र का होगा।**

शैक्षिक सत्र 2019–20 के सम संख्यक सेमेस्टर का अध्ययन / अध्यापन का कार्य दिनांक 08.01.2020 से प्रारम्भ हो जायेगा। छात्र भिज्ञ हों कि विश्वविद्यालय के सम्बन्धित परिनियमों के अनुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। विशेष परिस्थितियों में ही उपस्थिति में छात्र को चिकित्सीय आधार सहित 15 प्रतिशत की शिथिलता अनुमन्य है। अतः छात्रों से अपेक्षा है कि वह अपने स्वयं के हित में सत्र के प्रारम्भ से ही अपनी कक्षाओं में नियमित रहें क्यों कि **वांछित उपस्थिति न होने की स्थिति में छात्र को क्लास टेस्ट / सत्रान्त परीक्षाओं से वंचित कर दिया जायेगा** एवं इस हेतु छात्र ही पूर्णरूप से उत्तरदायी होगा।

संलग्नक : यथोक्त।

**(सुनील कुमार)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

**प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को संज्ञानार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे विभागीय सूचनापट्ट पर छात्रों के सूचनार्थ प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे छात्रावासों के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित कर्मी को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
6. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
8. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्रों का पंजीयन शुल्क दिनांक 08.01.2020 से 10.01.2020 के मध्य कार्यालय समयानुसार वित्त विभाग में आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक पटल पर जमा कराने की व्यवस्था कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
9. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

**(सुनील कुमार)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

# vfUre o”kZ ds Nk=k dh
# fMxzh fizUV djkus gsrq vkosnu i= dk izk:i

विश्वविद्यालय के अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि निम्नलिखित निर्धारित प्रारूप पर सूचना पंजीकरण के समय शैक्षिक कार्यालय में सम्बन्धित पटल को अवश्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह डाटा डिग्री के मुद्रण एवं दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत अपेक्षित है। अतः उक्त सूचना सही तथ्यों के साथ पूर्ण कर प्रस्तुत करेंगे।

Paste
Latest
Photograph

1. Roll No. : ______________________________
2. Enrollment No. : ______________________________
3. Admission Session : ______________________________
4. Branch : ______________________________
5. Candidate Name (English) : ______________________________
6. Candidate Name (Hindi) : ______________________________
7. Father Name (English) : ______________________________
8. Father Name (Hindi) : ______________________________
9. Date of Birth : ______________________________
10. Gender : ______________________________
11. Mobile No. : ______________________________
12. Email ID : ______________________________
13. Permanent Address : ______________________________
 : ______________________________
14. Correspondence Address : ______________________________
 : ______________________________

.......................................... ................................................

अभिभावक के हस्ताक्षर छात्र के हस्ताक्षर